किशनगढ़ बास के बेड़ा का बास में मावे से बनी मिठाई बनाने वाले दो कारखानों पर छापा

120 किलो नकली घी जब्त, सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए

किशनगढ़ बास। दीपावली पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध जिले में चलाए गए अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग और जिला स्पेशल पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए किशनगढ बास के बेड़ा के बास में दो बड़े मिठाई के कारखानों पर छापा मारकर बदबू मारता 220 किलो से ज्यादा दूषित मावे से बनी मिठाई मौके पर ही नष्ट कराई और 120 किलो संदिग्ध देसी घी जब्त कर जांच के लिए भिजवाया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत मंगलवार को किशनगढ बास क्षेत्र के बेड़ा का बास में मिठाई बनाने वाले दो जगहों पर अलग-अलग कार्रवाई की गई।पहली कार्रवाई मैसर्स कमरुद्दीन के यहांटीम ने मौके पर पहुंचते ही दुकान पर रखा सामान चेक किया तो करीब 120 किलो कलाकंद में से तेज बदबू आ रही थी और 100 किलो मिश्रित दूध भी बदबूदार और

किशनगढ़बास में जिला कलेक्टर के निर्देश पर चलाएं अभियान के तहत बेड़ा का बास कारखाने पर कार्रवाई की गई। टीम अधिकारी।

- 120 किलो बदबूदार कलाकंद और 100 किलो दूषित दूध नाले में बहाया

दूषित मिला।

जिसे देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। टीम ने तुरंत दूध, कलाकंद और मिल्क पाउडर के सैंपल लिए और करीब 120 किलो दूषित कलाकंद और 100 किलो दूध को मौके पर ही नष्ट करवाने की कार्रवाई की।दूसरी कार्रवाईटीम ने मैसर्स सुमरदिन के यहां पर की जहांसे भी दूध, कलाकंद और पोद्दार ब्रांड देसी घी के सैंपल लिए गए। जांच के दौरान करीब 120 किलो देसी घी (पोद्दार) संदिग्ध मिलने पर उसे जब्त कर लिया गया। दोनों जगहों से 6 सैंपल लेकर खाद्य प्रयोगशाला भिजवाए गए हैं। डॉ. गेट ने बताया कि सैंपलों के परिणाम आने के बाद एफएसएसएआई 2006 अधिनियम के तहत कडी कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत यादव, पुलिस निरीक्षक जिला स्पेशल टीम गौरव कुमार, महिपाल सिंह सहित पूरी डीएसटी टीम मौजूद रही। विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र मेंहड़कंप मचा हुआ है।

दो पक्षों के बीच हुए खुनी संघर्ष का पर्दाफाश 7 आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। बपावरकलां पुलिस टीम ने दो पक्षों के बीच हुए खुनी संघर्ष के मामले मे कार्यवाही करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 17 अक्टुबर को फरियादी जीतमल भील ने थाना बपावर कलां में अपने बड़े भाई मोनू भील के साथ उपस्थित होकर थाने मे रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसको सूचना मिली कि कुछ जने उनके माता-पिता के साथ मारपीट कर रहे है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे तो उनकी मां केदार बाई और पिता रमेश भील के साथ धर्मा, अजय, अर्जुन, मिथुन, कन्या, मोहन, रामबाबु, दिनेश, लखन नायक ने मारपीट की और बीच-बचाव करने लगा तो मेरे साथ और मेरे भाई मोनु के साथ मारपीट की, ग्रामीण एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले में मारपीट में घायल केदार बाई की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। ग्रामीण एसपी ने कहा कि घटना की गम्भीरता को देखते पुलिस उप अधीक्षक नरेन्द्र कुमार जैन के सुपरविजन में सुरेश मीणा उनि.थानाधिकारी थाना बपावर कलां के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए हमले के सात आरोपी अर्जुन नायक, धर्मराज नायक, कन्हैयालाल नायक, घनश्याम नायक, अजय भोपा, मिथुन भोपा और रामबाबु नायक को गिरफ्तार कर लिया गया।

स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में तैनात आरएसी जवान की मौत

अजमेर। माखुपुरा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में पंचायती राज चुनाव के लिए बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात आरएसी कांस्टेबल नरेंद्र गोदारा (31) की गोली लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस जांच कर रही है। मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं, मृतक के परिजनों ने घटना को लेकर किसी तरह की आशंका जाहिर नहीं की और इसे हादसा माना है। एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि जवान की मौत गोली लगने से हुई थी।

प्रारंभिक जांच में मामला प्रथम दृष्टया हादसा प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। आदर्श नगर थाना पुलिस के अनुसार, 9वीं आरएसी बटालियन टोंक की ए-कंपनी के गार्ड प्रभारी की ओर से इस संबंध में मर्ग दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, माखुपुरा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में पंचायती राज चुनाव के लिए ईवीएम रखने का स्ट्रॉग रूम बनाया गया है। इसकी सुरक्षा के लिए 9वीं आरएसी टोंक की ए-कंपनी को 16 अक्टूबर से तैनात किया गया था। इसी कंपनी में कांस्टेबल नरेंद्र गोदारा पुत्र नाथूराम ड्यूटी कर रहे थे। सोमवार शाम करीब 5:15 बजे ड्यूटी की पारी बदलने के दौरान उन्हें गोली लग गई। गोली चलने

- प्रारंभिक जांच में हादसे की आशंका

की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद जवानों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर आदर्श नगर थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। एफएसएल और एमओबी टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। मृतक के साढ़ू नानूराम जाट ने बताया कि नरेंद्र ने ड्यूटी ज्वाइन करते समय अपनी करीब 10 महीने की बेटी से पत्नी के मोबाइल पर वीडियो कॉल के जरिए बात की थी। उस समय परिवार को किसी तरह की परेशानी का आभास नहीं हुआ था। उन्होंने बताया कि नरेंद्र ने कुछ दिन पहले ही कार खरीदी थी। परिवार में भी किसी तरह की परेशानी की जानकारी नहीं थी। ऐसे में परिजन घटना को हादसा मान रहे हैं और उन्होंने किसी पर संदेह नहीं जताया है। नरेंद्र गोदारा वर्ष 2018 में महाराणा प्रताप बटालियन, प्रतापगढ़ में भर्ती हुए थे। वह मूल रूप से नागौर जिले के मेड़ता रोड के निवासी थे और वर्तमान में अजमेर में रह रहे थे। उनकी पत्नी महेंद्र भी जिला पुलिस में कांस्टेबल हैं और शहर यातायात पुलिस में तैनात हैं। दंपती की करीब एक साल की बेटी है। नरेंद्र के साढ़ू नारायण सिंह एएसआई हैं और दरगाह थाने में तैनात हैं, जबकि उनके बड़े भाई वायुसेना में कार्यरत हैं। मंगलवार को पोस्टमार्टम के दौरान आरएसी के अधिकारी और जवान भी अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

डांडिया नाईट का आयोजन

कोटा, (निसं)। मोदी ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंस्टिट्यूशन द्वारा मोदी कॉलेज कैंपस में डांडिया नाईट-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम, ग्रुप के चेयरमैन सुशिल मोदी, ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी, कोटा बार कौंसिल के अध्यक्ष भरत सिंह अडसेला सहित संस्थांन की सरंक्षक बिमला देवी मोदी की गरिमामयी उपस्थिती रही। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि का त्यौहार देवी मां की नौ दिन तक विशेष पूजा करने के साथ ही गरबा और डांडिया भी भक्ति का एक प्रारंपारिक तरीका है। मोदी ग्रुप के चेयरमेन सुशील मोदी ने बताया कि डांडिया नाईट में प्रतिभागियों ने पारंपरिक वेशभूषा में रंग-बिरंगी छटा बिखेरी और डांडिया की धुनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करना और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना हैं। ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी ने बताया धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए लोगों तक आपसी भाईचारे का संदेश पहुंचता है, लोगों को प्रेम का संदेश देने के लिए इन आयोजनों को अहम माना जाता है। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथियों मे प्रवीण भार्गव परीक्षा नियंत्रक कोटा विश्वविद्यालय, पारस जैन डिप्टी कमांडेंड आरएसी, प्रोफेसर दिनेश बिरला सहित डॉ.एन के जोशी कमलेश राजोरा प्राचार्य मोदी आईटीआई, चेतना नामा प्राचार्य मोदी चेंप्स भी शामिल रहे।

बूंदी महोत्सव का शुभारंभ

बूंदी । जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव की पहल पर बूंदी महोत्सव में जन सहभागिता बढ़ाने एवं महोत्सव से मातृ शक्ति, युवा वर्ग एवं सर्व समाजों को जोड़ने हेतु अनेक नवाचार किए जा रहे है। पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक शरद व्यास ने बताया कि इसी कड़ी में 21 अक्टूबर (बुधवार) को अपरान्ह चार बजे जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा एवं नगर परिषद सभापति भरत शर्मा तथा जिले के गणमान्य नागरिकों की अगुआई में प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सर्व समाजो एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पर्यटन के हितधारकों द्वारा गढ़ पैलेस स्थित श्री गणेश भगवान को सर्वप्रथम महोत्सव हेतु न्यौता दिया जाएगा। उसके उपरांत गढ़ से नाहर चौहट्टा होते हुवे बूंदी के ईष्ट देव श्री रंगनाथजी के मंदिर तथा वहां से श्री चारभुजा नाथजी के मंदिर तक जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

धूमधाम से माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन

अजमेर। शहर में नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव के समापन पर धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। नगर निगम की ओर से आजाद पार्क में आयोजित डांडिया कार्यक्रम और माता रानी की नौ दिनों तक की गई आराधना के बाद प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान महापौर अनामिका शर्मा, डिप्टी मेयर हेमंत सांखला सहित नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गुलाल उड़ाते हुए उत्साह के साथ माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नवरात्रि के नौ दिनों तक शहरवासियों ने माता रानी की भक्ति में लीन रहकर व्रत और उपवास किए। शहर के विभिन्न इलाकों में पंडाल सजाकर माता रानी की स्थापना की गई, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता की आराधना की। जगह-जगह धार्मिक आयोजन, भजन-कीर्तन और डांडिया कार्यक्रमों के माध्यम से भक्तों ने नवरात्रि महोत्सव मनाया। नगर निगम की ओर से भी नौ दिनों तक माता रानी की आराधना की गई। महोत्सव के समापन पर आजाद पार्क में आयोजित कार्यक्रम में निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। महापौर अनामिका शर्मा और डिप्टी मेयर हेमंत सांखला ने पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद गुलाल उड़ाकर और धार्मिक उल्लास के साथ विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, शहर की विभिन्न कॉलोनियों से माता रानी के भक्त ढोल-डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए आजाद पार्क पहुंचे। श्रद्धालुओं में माता रानी की विदाई को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

गरबा प्रतियोगिता का मंच

ब्यावर (निसं) शहर में इस बार गरबा प्रेमियों की मांग और उनके उत्साह को देखते हुए विशेष और आधुनिक लेकिन परम्परागत गरबा का आयोजन द ऐड इवेंट के बैनर तले कियाजा रहा है। कार्यक्रम में गरबा किंग और क्वीन के विजेताओं को लैपटॉप पुरष्कार स्वरूप दिए जाएंगे। आयोजको के अनुसार पूर्णतया सुरक्षित माहौल में गरबा आयोजन होगा जिसमे पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रतिभागियों के बीच होगा मुकाबला होगा क्योकि ये सिर्फ एक गरबा नहीं, हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा और दिलों से जुड़ा एक खूबसूरत एहसास है। ठाुप विजेताओं के लिए 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। चाइल्ड, सोलो, डुएट और ठाुप राउंड में दिखेगा गरबा का रोमांच दिखेगा क्योकि

इसमें आकर्षक लाइटिंग शो और डीजे की धुनें आयोजन की रौनक बढ़ाएगी।

भीलवाड़ा में 9 पंचायत समितियों की 326 ग्राम पंचायतों के 177 पंचायत समिति सदस्यों का चुनाव होगा

भीलवाड़ा। पंचायतराज आम चुनाव-2026 के तहत प्रथम चरण के अंतर्गत 22 अक्टूम्बर को कुल 9 पंचायत समितियों की 326 ठााम पंचायतों के 177 पंचायत समिति सदस्यों व जिला परिषद के 23 पूर्ण व 5 आंशिक वार्ड के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा ।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि प्रथम चरण में बिजौलियां पंचायत समिति की कुल 26 ग्राम पंचायतों के 131 राजस्व ग्रामों के 216 ग्राम पंचायत वार्डो के 15 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा। जहाजपुर पंचायत समिति की कुल 32 ठााम पंचायतों के 108 राजस्व ग्राम के 288 ग्राम पंचायत वार्डो के 17 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा। खजूरी पंचायत समिति की 27 ग्राम पंचायतों के 131 राजस्व ग्राम

- प्रथम चरण में बिजौलियां पंचायत समिति की कुल 26 ठााम पंचायतों के 131 राजस्व ग्रामों के 216 ग्राम पंचायत वार्डो के 15 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा।

के 217 ग्राम पंचायत वार्डो के 15 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा। कोटडी पंचायत समिति की 46 ग्राम पंचायतों के 183 राजस्व ग्राम के 444 ग्राम पंचायत वार्डो के 27 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा।

मांडलगढ़ पंचायत समिति के 39 ग्राम पंचायतो के 167 राजस्व ग्रामों के 339 ग्राम पंचायत वार्डो के 21 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा। बनेडा पंचायत समिति के 29 ठााम पंचायतों के 97 राजस्व ग्रामों के 289 ग्राम पंचायत वार्डो के 17 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा।

करेड़ा पंचायत समिति की 37 ग्राम पंचायतो के 143 राजस्व ग्रामों के 279 वार्डो के 17 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा। इसी प्रकार मांडल पंचायत समिति की 36 ग्राम पंचायतो के 127 राजस्व ग्रामों के 336 ग्राम पंचायत वार्डो के 21 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा।

वहीं सुवाणा पंचायत समिति की 54 ग्राम पंचायतो 163 राजस्व ठााामो के 464 ग्राम पंचायत वार्डो के 27 पंचायत समिति सदस्यो का निर्वाचन होगा।

विराट पथ संचलन निकला

बूंदी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 19 अक्टूबर को बूंदी शहर में एक भव्य और विराट पथ संचलन निकाला गया।

इस दौरान पूरे शहर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा तथा जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शाम को पथ संचलन संपन्न होने के पश्चात अतिथि आगमन एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंचासीन मुख्य अतिथि कृपाल सिंह सरदार ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान प्रांत के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम जी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कृपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ईश्वर एक है और वह सर्वगुण संपन्न है। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी का स्मरण करते हुए बताया कि उन्होंने ओम के आगे एक और बाद में कार लगाकर यह संदेश दिया कि सभी में उसी ईश्वर का वास है ।

नीलकंठ क्लब ने किशनगढ़ को हराया

ब्यावर (निसं) संत पॉल स्कूल में नीलकंठ क्लब और किशनगढ़ के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मुकाबले में नीलकंठ क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किशनगढ़ की टीम को हराकर जीत दर्ज की।नीलकंठ क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए किशनगढ़ की टीम ने 104 रन का लक्ष्य दिया। नीलकंठ क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए जीतू और सोनू ने 2-2 विकेट हासिल किए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीलकंठ क्लब की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 15 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

तलवार घुमाते और आँखें झपकाते रावण का दहन

अजमेर। विजयादशमी का पर्व अजमेर शहर सहित जिलेभर में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अजमेर के पटेल मैदान में नगर निगम की ओर से दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतले आकर्षण का केंद्र रहे। रावण के पुतले को विशेष रूप से तैयार किया गया था, जिसमें वह अपने हाथ से तलवार घुमाता नजर आया, वहीं उसकी आंखें भी टिमटिमाती दिखाई दीं। इस अनूठे नजारे को देखने के लिए पटेल मैदान में शहरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उल्लास

- राम-लक्ष्मण और हनुमान की सेना ने किया रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण से युद्ध, ड्रोन लेजर शो ने मोहा मन
- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दशहरा महोत्सव को लेकर खास उत्साह नजर आया। शहरवासी परिवार सहित पटेल मैदान पहुंचे
- पटेल मैदान में रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे।

का माहौल बना रहा तथा जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। दशहरा महोत्सव के तहत भगवान श्रीराम की विजय यात्रा घसेटी बाजार स्थित श्री रघुनाथ जी मंदिर से रवाना हुई। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पटेल मैदान पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान सहित उनकी सेना के स्वरूपों ने पटेल मैदान में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के साथ युद्ध का मंचन किया। इस दौरान रामायण के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए मैदान में मौजूद लोगों में खासा उत्साह रहा। नगर निगम की ओर से दशहरा महोत्सव को खास बनाने के लिए ड्रोन लेजर शो का भी आयोजन किया गया। इस शो ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। आसमान में रोशनी के आकर्षक नजारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दशहरा महोत्सव को लेकर खास उत्साह नजर आया। शहरवासी परिवार सहित पटेल मैदान पहुंचे और भगवान श्रीराम की विजय तथा बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पर्व के साक्षी बने। पटेल मैदान में रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे। रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों के साथ युद्ध के मंचन और अन्य आकर्षणों ने लोगों को बांधे रखा। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में धार्मिक आस्था के साथ उत्सव का माहौल देखने को मिला। लोगों ने भगवान श्रीराम की विजय के प्रतीक पर्व को उत्साह के साथ मनाया। दशहरा महोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नगर निगम महापौर अनामिका शर्मा, उपमहापौर हेमंत सांखला और भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी सहित अन्य भाजपा नेता तथा अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन के दौरान पटेल मैदान और उसके आसपास सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित करने और कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी संभाली। इसप्रकारअजमेरमेंविजयादशमीकापर्व धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। पटेल मैदान में आयोजित दशहरा महोत्सव में रावण के अनूठे पुतले, रामायण प्रसंगो के मंचन और ड्रोन लेजर शो ने आयोजन को खास बना दिया।

एक दर्जन से अधिक दुकानें के उपकरण जले

बूंदी। शहर के मीरा गेट और मालन मासी बालाजी क्षेत्र में मंगलवार सुबह बिजली के तेज वोल्टेज (हाई वोल्टेज) आने से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन एक दर्जन से अधिक घरों और दुकानों के बिजली उपकरण जलकर खराब हो गए। क्षेत्रीय पार्षदों व गणमान्य नागरिकों मनोज गोचर, श्याम सैनी और सुरेश गुर्जर ने बताया कि सुबह करीब 7:00 बजे अचानक बिजली का तेज वोल्टेज आया, जिसकी चपेट में आने से कई घरों व दुकानों के उपकरण फुंक गए। श्याम सैनी के घर में वोल्टेज का झटका इतना तेज था कि एक कमरे में रखा एसी और फ्रिज नीचे गिर गए।

डीजे की धुन पर डांडिया नृत्य करते निकले श्रद्धालु

सरवाड़ । शहर में मंगलवार को माता रानी की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र महोत्सव का समापन हो गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित माता रानी की प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस निकाले गए। जयकारों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए जुलूस में शामिल हुए। पूरे शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल नजर आया। नवरात्र महोत्सव के दौरान विभिन्न स्थानों पर माता रानी की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई थी। मंगलवार को विसर्जन के लिए अलग-अलग स्थानों से जुलूस रवाना हुए, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खिरिया गेट स्थित सूर्य तलाई पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने शेरावाली माता के जयकारे लगाए और विधि-विधान के साथ माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर युवक-युवतियां डांडिया नृत्य करते हुए आगे बढ़े। युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जुलूस में महिला-पुरुषों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगह-जगह माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नौ दिनों तक चले नवरात्र महोत्सव के दौरान शहर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही।

दुर्गा प्रतिमा विर्सजन के दौरान नाव पलटी 7 जने बहे, 3 बचे, 4 की तलाश

कोटा, (निसं)। शहर में मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विर्सजन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में 80 फीट रोड़ स्थित स्टील ब्रिज के पास चंबल की दांयी मुख्य नहर में दुर्गा प्रतिमा विर्सजन के दौरान नाव पलटने से मछुआरे सहित 7 जने बह गये, समय रहते 3 को तो बचा लिया गया, लेकिन पानी का बहाव तेज होने से 4 युवक नहर में बह गये, उनकी तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार विज्ञान नगर इलाके के संजय नगर से कुछ युवक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए नहर पर पहुंचे थे, विसर्जन के दौरान छह जने नाव में सवार थे, तभी बीच पानी में असंतुलित होने से नाव पलट गई। हादसे में केशु, गोलू, सुरेश और राहुल के डूबने की जानकारी सामने आई है, वहीं, माला कंवर और दीपक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर पीयूष समरिया और सिटी एसपी तेजस्विनी गौतम मौके पर पहुंची, मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, नगर निगम की रेस्क्यू टीम और गोताखोर टीम ने नहर में डुबे युवकों की तलाश शुरू की। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई युवकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलते ही शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर भी मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य की पूरी जानकारी ली और रेसक्यू अभियान को तेज करने के निर्देश दिये। वहीं हादसे की सूचना मिलने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दुख जताया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जिला प्रशासन को बचाव व तलाशी अभियान को तेज करने के निर्देश दिये है। जानकारी के अनुसार मछुआरे की छोटी नाव थी, मंगलवार शाम को नाव में मछुआरे सहित 7 जने सवार हुए बीच में दुर्गा माता की प्रतिमा रखी हुई थी अचानक से नाव असंतुलित होने से नाव पलटा खा गई नाविक और दो जने तो बाहर आ गये लेकिन 4 जने नहर में बह गये। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि नाव में सवार होकर कुछ युवक माता दुर्गा की प्रतिमा के विर्सजन के लिये गये, इसी दौरान नाव से माताजी की प्रतिमा का विर्सजन करने वाले थे तभी पानी के बीचो-बीच नाव असंतुलित होकर पलट गई, हादसे की सूचना मिलते ही टीमों को मौके पर बुलाकर रेसक्यू ऑपरेशन शुरू करा दिया है। शहर एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तीन जने जो तैराना जानते थे वह बाहर आ गये लेकिन चार युवक पानी में बह गये, पानी में बहे युवको की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच में है।

एसआईआर के विरोध में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

अजमेर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाताओं के नाम कथित रूप से काटे जाने के विरोध में मंगलवार को अजमेर में यूथ कांठोस ने प्रदर्शन किया। गांधी भवन चौराहे पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के रावण रूपी प्रतीकात्मक पुतले का दहन कर निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मतदाता सूची से हटाए गए नामों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अजमेर यूथ कांठोस जिलाध्यक्ष हनीश मरोठिया ने कहा कि जिस प्रकार रावण को अपनी शक्ति का अहंकार था और हनुमानजी ने लंका दहन कर उसका घमंड तोड़ा था, उसी तरह यूथ कांग्रेस ने प्रतीकात्मक रूप से 'वोट चोरी की लंका' में आग लगाकर विरोध दर्ज कराया है। मरोठिया ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में एसआईआर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली स्थित युवा कांठोस मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में 51 फीट का पुतला जलाकर विरोध जताया गया था। इसी क्रम में अजमेर में भी प्रदर्शन आयोजित किया गया।

संघ के शताब्दी वर्ष पर विभिन्न बस्तियों में निकला पथ संचलन

अलवर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विजयादशमी उत्सव के तहत शहर की विभिन्न बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। राठनगर, गणपति विहार, बुद्ध विहार, शिवाजी बस्ती, बसंत विहार, राजेंद्र नगर, काला कुआं, लाल डिग्गी और मानसरोवर बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में स्वयंसेवकों ने घोष की धुनों के साथ अनुशासित कदमताल करते हुए पथ संचलन निकाला। संचलन मार्ग पर जगह-जगह बस्तीवासियों और प्रबुद्धजनों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। वर्ष 2025 में संघ ने स्थापना के 100 वर्ष पूरे किए। शताब्दी वर्ष के आयोजनों के माध्यम से संगठन, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को समाज तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। विजयादशमी को असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर निकाले गए पथ संचलन में स्वयंसेवकों का अनुशासन और घोष की धुनें आकर्षण का केंद्र रहीं। आयोजनों के माध्यम से समाज को एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करने

अलवर शहर में विजयादशमी उत्सव के तहत शहर की विभिन्न बस्तियों में आरएसएस के स्वयंसेवकों ने घोष की धुनों के साथ कदमताल करते हुए पथ संचलन निकाला।

- शताब्दी वर्ष के आयोजनों के माध्यम से संगठन, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को समाज तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है

का संदेश दिया गया। कार्यक्रमों में सामाजिक समरसता, पारिवारिक संस्कार, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर जन-जागृति का आ ान किया गया। संघ के पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और युवाओं में अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध विकसित करने का संदेश दिया गया। विभिन्न बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों में नागरिकों की सहभागिता और पथ संचलन के स्वागत ने आयोजन को उत्सवमय बना दिया। आयोजकों के अनुसार, इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना और संगठित समाज के निर्माण की दिशा में लोगों को प्रेरित करना रहा।